श्यामा लाडली दया करो

राधे किशोरी दया करो श्यामा लाडली दया करो,
दया करो राधे दया करो,
राधे किशोरी दया करो.....

हमसे दीन ना कोई जग में, करुण पुकार करूं तेरे दर पर,
महर दया की तनक करो,
राधे किशोरी दया करो....

सदा दया दीनन पर करती, सदा कृपा की झोली भरती,
यही विश्वास में लगे रहो,
राधे किशोरी कृपा करो....

मोह माया के विषय जाल में, मत भटको झूठे ख्याल में,
शरण किशोरी की लिया करो,
राधे किशोरी कृपा करो....

कभी तो करुणा करोगी श्यामा, नजर महर की करोगी श्यामा,
यही आस लेकर द्वारे रहो,
राधे किशोरी कृपा करो.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27410/title/shyama-ladli-dya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |